nt>

Title: Need to provide financial assistance to the Government of Gujarat for solving the problem of acute shortage of drinking water in the Kutch region.

श्री जसुभाई दानाभाई बारड़ (जूनागढ) :सम्माननीय सभापति जी, मैं कहना चाहता हूं कि गुजरात में सौराट्र (कच्छ) क्षेत्र के लोगों के लिए पीने के पानी की बहुत कमी है क्योंकि भौगोलिक रूप से वह क्षेत्र समुद्र के समीप है इसके साथ ही पिछले कुछ वाों से सूखाग्रस्त भी है। यहां का पानी बहुत खारा है और पीने योग्य नहीं है। सूखाग्रस्त होने के कारण यहां पीने के पानी की बहुत कमी है।

इसलिए मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि सौराट्र (कच्छ) क्षेत्र के लोगों को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए गुजरात सरकार को आर्थिक सहायता प्रदान करें.। पीने का पानी जो कि मानव जीवन के लिए अत्यावश्यक है उसकी सालों से चली आ रही समस्या को हल करने के लिए इस क्षेत्र को एक विशो पैकेज दिया जाए।

मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि इस समस्या का समाधान करने के लिए जल्दी उपाय करें।